# सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय,अजमेर




## आजादी का अमृत महोत्सव (12मार्च 2021–15 अगस्त,2023)

### प्रभारी – डॉ. प्रीति माथुर

5 अगस्त,2022 बूस्टर डोज वैक्सीन कैम्प





आज दिनांक 5 अगस्त 2022 को महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत छात्रा प्रकोष्ठ व राष्ट्रीय सेवा योजना व के तत्वाधान में बूस्टर डोस का कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 120 से भी अधिक संकाय सदस्य व कर्मचारी लाभान्वित हुए।



महाविद्यालय के कस्तूरबा छात्रावास की छात्राओं को 35 सैनेटरी नैपकीन के वितरण कियेगये।

6 अगस्त,2022

# पी.सी.पी.एन.डी.टी. पर व्याख्यान 8 अगस्त,2022








पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (PCPNDT) अधिनियम, 1994 **भारत में कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित एक संघीय कानून है**। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक 'पीएनडीटी' एक्ट 1996, के तहत जन्म से पूर्व शिशु के लिंग की जांच पर पाबंदी है। ऐसे में अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले जोड़े या करने वाले डाक्टर, लैब कर्मी को तीन से पांच साल सजा और 10 से 50 हजार जुर्माने की सजा का प्रावधान है।

इस विषय पर डॉ. रीना व्यास, मीनाक्षी गहलोत व दीपिका वासू ने अपने विचार अभिव्यक्त किये।


9अगस्त,2022 युवा पखवाड़ा कार्यक्रम (9 अगस्त से 23अगस्त,2022)






नोबल पुरस्कार से सम्मानित सर सी.वी रमण की मूर्ति व प्रांगण की सफाई कर श्रमदान किया गया।

10अगस्त,2022 चित्रकला प्रतियोगिता






| | | |
|---|---|---|
| प्रथम–एंजल विलियम | द्वितीय–अपर्णा गोड़ | द्वितीय–कनिका शर्मा |
| बी.काम.पार्ट तृतीय | एम.एससी फाईनल बॉटनी | बी.काम.पार्ट द्वितीय |


11 अगस्त,2022 व्याख्यान व विद्यार्थियो द्वारा संवाद किया गया।















डॉ. सीमा गर्ग सह–आचार्य रसायन शास्त्र द्वारा पीपीटी के माध्यम से गांधीजी के रचनात्मक कार्यो पर Walking Habit Of Mahatma Gandhi Makes Him More Honorable विषय पर सारगर्भित व प्रेरणास्पद व्याख्यान की प्रस्तुती विद्यार्थियो द्वारा संवाद कर की गई।

12 अगस्त,2022 नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प







12 अगस्त 2022 सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर से प्राप्त आदेशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों को प्राचार्य जी द्वारा एक प्रतिज्ञा करवाई गई की महाविद्यालय के हम विद्यार्थी ना केवल हमारे समुदाय–परिवार व दोस्त बल्कि खुद को नशा मुक्त बनाएंगे क्योंकि परिवर्तन भीतर से शुरू होता है इसलिए आओ सब मिलकर नशा मुक्त रहने का संकल्प लें। मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं अपने देश को नशा मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

13 अगस्त,2022 प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

प्रथम–रेखा बी.एससी.पार्ट तृतीय (गणित) द्वितीय–मीना जैन बी.एससी.पार्ट तृतीय (गणित)

तृतीय– एंजल विलियम बी.काम. पार्ट तृतीय रहीं।

13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान


















15 अगस्त, भारत की आजादी का स्वतंत्रता दिवस

















15 अगस्त 2022 सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्य जी ने स्वतंत्रता की 76वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में भारत देश के स्वाभिमान आन–बान–शान का प्रतीक तिरंगा झंडे का ध्वजारोहण कर शुभकामनाएं प्रेषित की।

20 अगस्त,2022 देश भक्ति गीत प्रतियोगिता










प्रथम–राजी चौधरी बी.ए.पार्ट II, द्वितीय–सोनिया राठौड़ बी.ए.(आनर्स राजनीति विज्ञान) पार्ट II,तृतीय– पूनम भड़ाना बी.ए. पार्ट II रहें।प्राचार्य प्रो. एस. के. उपाध्याय जी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

20 अगस्त,2022 सद्भावना दिवस





20 अगस्त 2022 को सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी के जन्म दिवस पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार उपाध्याय जी की अध्यक्षता में सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया एप्राचार्य जी ने स्वर्गीय श्री राजीव गांधी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि श्री राजीव गांधी जी ने देश में आई टी क्रांति की नींव रखी और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार किये साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करने में योगदान दिया। सामाजिक सद्भाव ही समाज के मूल में है। इस अवसर पर प्राचार्य जी ने सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा का आयोजन करवाया जिसमें महाविद्यालय के संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों नेजाति एसंप्रदाय एक्षेत्र एधर्मए भाषा का भेदभाव किए बिना भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने की प्रतिज्ञा ली।

22 अगस्त,2022 वाद विवाद प्रतियोगिता–गांधी अतीत ही नहीं भविष्य भी है




प्रथम–प्रियंका भट्ट बी.ए.पार्ट II

द्वितीय–कनिका शर्मा बी.काम.पार्ट II

तृतीय–एंजल विलियम बी.काम.पार्ट III

प्रियंका भट्ट व एंजल विलियम ने पक्ष में अपने विचार अभिव्यक्त किये। गांधीजी के विचार एवं दर्शन नई पीढ़ी के लिए आज भी प्रासंगिक है।एक देश की संस्कृति उसमें रहने वाले लोगों के दिलों मेंऔर आत्मा मेंनिवास करती है। महात्मा गांधी के जीवन दर्शन मूल्यों एवं सिद्धान्तों को संवाद द्वारा विचारों को पुष्ट किया।

23 अगस्त,2022 श्रमदान दिवस













महाविद्यालय के कस्तूरबा व कमला नेहरू छात्रावास के प्रांगण में छात्राओं ने उगी कंटीली झाड़ियों की कटाई कर श्रमदान किया। कक्षों की सफाई की,खाली कक्षों की सफाई कर कक्षों पर तालें लगाये। डॉ सीमा गर्ग,डॉ. प्रीति माथुर, रश्मि शर्मा, लता अग्रवाल व सीमा मीणा ने जीवन में श्रम की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए बताया कि श्रम के द्वारा ही मानसिक व शारीरिक विकास संभव है के लिए प्रेरित किया। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में छात्रा परिषद् एवं मीहला प्रकोष्ठ के तत्वाधान मेंआयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। छात्राओं को भिन्न–भिन्न विषयों से संम्बन्धित अवधारणाओं व तथ्यों को समझने व उन्हें आत्मसात कर भावी चुनोतियों का सामना करने तथा स्वयं जागृत रहकर भविष्य का निर्माण करने व सफल होने की भावनासे प्रेरित होकर प्रोत्साहित किया।

29 अगस्त,2022 पुरस्कार वितरण समारोह










महाविद्यालय में सत्र 2022–23 के छात्र संघ चुनाव 26अगस्त को मतदान व 27 अगस्त को मतगणना होने के कारण 29 अगस्त सोमवार को पुरस्कार वितरण समारोह प्राचार्य जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। **दैनिक नवज्योति 30अगस्त,2022 पृ.3**



# विजेता छात्राओं को दिए प्रमाण-पत्र और पुरस्कार

## एसपीसी जीसीए में युवा पखवाड़ा कार्यक्रम

कार्सं/नवज्योति, अजमेर

राजस्थान युवा बोर्ड की ओर से सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय में 9 से 23 अगस्त तक युवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारत की आजादी का इतिहास विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। महाविद्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार उपाध्याय ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र वितरित किए। महाविद्यालय प्रांगण में स्थित मूर्तियों की सफाई की गई। भारत की आजादी का इतिहास विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम एंजेल विलियम, द्वितीय कनिका शर्मा, तृतीय प्रिया मंडरावलिया रही। गांधीजी के सपनों का भारत विषय पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम एंजेल विलियम, द्वितीय अपर्णा गौड़ और तृतीय कनिका रही।

देशभक्ति गीत में प्रथम राजी, द्वितीय सोनिया व तृतीय पूनम रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम रेखा, द्वितीय मीना जैन व तृतीय एंजेल विलियम रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता गांधी अतीत ही नहीं भविष्य भी हैं विषय पर आयोजित की गई थी। इसमें प्रथम प्रियंका भट्ट, द्वितीय कनिका और तृतीय एंजेल रही। छात्राओं ने महाविद्यालय के कस्तूरबा छात्रावास व कमला नेहरू छात्रावास में कंटीली झाड़ियों को काटकर तथा कक्षों की सफाई कर श्रमदान किया। डॉ. सीमा गर्ग ने 'महात्मा गांधी अतीत ही नहीं भविष्य भी हैं' तथा 'वाकिंग हैबिट ऑफ महात्मा गांधी मेक्स हिम मोर ऑनरेबल' विषय पर व्याख्यान दिया। सभी प्रतियोगिताएं आजादी का अमृत महोत्सव प्रभारी डॉ. लता अग्रवाल तथा छात्रा परिषद एवं महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रीति माथुर के निर्देशन में आयोजित की गईं। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवकी मीणा व डॉ. रश्मि शर्मा आदि उपस्थित रहे।